PCS (J) 2014 (Main)

No. of Printed Pages : 2

UJS-01

2014

वर्तमान परिदृश्य

THE PRESENT DAY

निर्धारित समय : तीन घण्टे] *[पूर्णांक : 150*

Time allowed : Three Hours] ***[Maximum Marks : 150***

नोट : *(i) अभ्यर्थी सभी **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें ।*
*(ii) **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।*
(iii) एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाय ।

Notes : *(i) Candidates should attempt all the **five** questions.*
*(ii) **All** questions carry equal marks.*
(iii) The parts of same question must be answered together.

1. (क) मार्क्स के लिये अधिकार की आधुनिक धारणा मूलरूप से "पूँजीवादी समाज की विचारधारा की बुद्धिसंगत व्याख्या है", व्याख्या कीजिये । क्या आप सहमत हैं कि भूमि अधिग्रहण विधि में परिवर्तन का विरोध मार्क्स की विचारधारा से प्रभावित है ? कारण दीजिए । **15**

(ख) निगमित व्यक्तित्व के अनेकों सिद्धान्त हैं । इन सिद्धान्तों की चर्चा कीजिये तथा बतलाइये कि इनमें से किसने विधिक व्यक्ति की उपयुक्त व्याख्या की है । **15**

(a) For Marx, the modern conception of right is basically "an ideological rationalization of the capitalist society". Discuss. Do you agree that the opposition to changes in Land Acquisition Law is influenced by Marxian ideology ? Give reasons.

(b) There are a number of theories of corporate personality. Discuss these theories and write which of the theory interpreted the legal person adequately.

2. (क) संसदीय विशेषाधिकार एवं मौलिक अधिकार के मध्य संघर्ष में कौन प्रभावी होगा ? निर्णीत वाद विधि की सहायता से अपने उत्तर की व्याख्या कीजिये । **15**

(ख) भारतीय संविधान के अन्तर्गत वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से क्या तात्पर्यित है ? उच्चतम न्यायालय के <u>श्रेया सिंहल बनाम भारत संघ</u> में दिये गये निर्णय के आलोक में विवेचना कीजिये । **15**

(a) In case of conflict between Parliamentary privilege and a Fundamental right, which shall prevail ? Illustrate your answer with the help of decided case law.

(b) What is meant by freedom of speech and expression under Indian Constitution ? Discuss in the light of Supreme Court decision in <u>Shreya Shingal V. Union of India</u>.

3. (क) भारत में व्यापार, वाणिज्य एवं समागम की स्वतंत्रता पर विनियमन अध्युपाय स्वतंत्रता का अतिक्रमण नहीं माने जाते हैं । वाद विधि का संदर्भ देते हुए चर्चा कीजिये । 15

(ख) क्या एक व्यक्ति अपने किसी मौलिक अधिकार का अधित्यजन कर सकता है ? वर्णन कीजिये । 15

(a) Regulatory measures are not regarded as violative of the freedom of trade, commerce and intercourse in India. Discuss and refer to case law.

(b) Can a person waive any of his Fundamental Rights ? Describe.

4. (क) युद्धमान एवं तटस्थ राज्यों के अधिकार एवं कर्त्तव्य में परस्पर संबंध हैं । विस्तार से चर्चा कीजिये । 15

(ख) डब्ल्यू.टी.ओ. के मुख्य अंग क्या हैं ? डब्ल्यू.टी.ओ. के विवाद निपटारे की पद्धति का वर्णन कीजिये । 15

(a) The rights and duties of belligerents and neutral states are correlated. Elaborate.

(b) What are the principal organs of W.T.O. ? Describe the dispute settlement system of W.T.O.

5. (क) राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग के मुख्य प्रावधानों का वर्णन कीजिये । क्या आप सहमत हैं कि यह भारत में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कुप्रभावित करेगा ? कारण दीजिये । 15

(ख) उच्चतम न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ एवं अन्य (2014) 5 एस.सी.सी. 438 में दिये गये निर्णय पर एक विस्तृत टिप्पणी लिखिये । 15

(a) Describe the main provisions of National Judicial Appointment Commission. Do you agree that it will adversely affect the independence of judiciary in India ? Give reason.

(b) Write a detailed note on the decision given by Supreme Court in National Legal Services Authority Vs. Union of India & Ors (2014) 5 S.C.C. 438.